**Series S7PQR**

**SET~1**

प्रश्न-पत्र कोड
**Q.P. Code 61/7/1**

रोल नं.
Roll No.

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

[ ]

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

# इतिहास
# HISTORY

*निर्धारित समय : **3** घण्टे* | *अधिकतम अंक : **80***

*Time allowed : **3** hours* | *Maximum Marks : **80***

(I) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **25 + 1** मानचित्र हैं।

Please check that this question paper contains **25** printed pages + **1** Map.

(II) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।

Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.

(III) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं।

Please check that this question paper contains **34** questions.

(IV) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथा स्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**

**Please write down the Serial Number of the question in the answer-book at the given place before attempting it.**

(V) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

**सामान्य निर्देश :**

*निम्नलिखित निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उनका पालन कीजिए :*

*(i)* इस प्रश्न-पत्र में ***34*** प्रश्न हैं। **सभी** प्रश्न ***अनिवार्य*** हैं।

*(ii)* प्रश्न-पत्र **पाँच** खण्डों में विभाजित है – **खण्ड क, ख, ग, घ** एवं **ङ**।

*(iii)* ***खण्ड क*** *– प्रश्न संख्या **1** से **21** बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है।*

*(iv)* ***खण्ड ख*** *– प्रश्न संख्या **22** से **27** लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **3** अंकों का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **60** से **80** शब्दों में लिखिए।*

*(v)* ***खण्ड ग*** *– प्रश्न संख्या **28** से **30** दीर्घ-उत्तरीय (LA) प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **8** अंकों का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **300** से **350** शब्दों में लिखिए।*

*(vi)* ***खण्ड घ*** *– प्रश्न संख्या **31** से **33** **तीन** उप-प्रश्नों वाले स्रोत-आधारित प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **4** अंकों का है।*

*(vii)* ***खण्ड ङ*** *– प्रश्न संख्या **34** मानचित्र-आधारित प्रश्न है जिसमें महत्त्वपूर्ण परीक्षण वस्तुओं की पहचान और स्थान शामिल हैं। यह प्रश्न **5** अंकों का है। मानचित्र को उत्तर-पुस्तिका के साथ संलग्न करें।*

*(viii)* *प्रश्न-पत्र में समग्र विकल्प नहीं दिया गया है। यद्यपि, प्रश्न-पत्र के खण्ड ख, ग तथा ङ में आंतरिक विकल्प का प्रावधान दिया गया है। परीक्षार्थी को इन प्रश्नों में से किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखना है।*

*(ix)* *इसके अतिरिक्त, ध्यान दें कि दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए चित्र तथा मानचित्र आदि आधारित प्रश्नों के स्थान पर एक अन्य प्रश्न दिया गया है। इन प्रश्नों के उत्तर केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थी ही लिखें।*

## खण्ड क

**(बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न)** ***21×1=21***

**1.** निम्नलिखित में से किस क्षेत्र के साथ हड़प्पावासियों ने व्यापारिक संबंध बनाए थे ?

(A) भूमध्यसागरीय क्षेत्र

(B) मेसोपोटामिया क्षेत्र

(C) नील घाटी क्षेत्र

(D) यूरेसियाई क्षेत्र

***General Instructions :***

*Read the following instructions carefully and follow them :*

*(i)* *This question paper contains **34** questions. **All** questions are **compulsory**.*

*(ii)* *Question paper is divided into **five** Sections – **Sections A, B, C, D** and **E**.*

*(iii)* ***Section A** – Questions number **1** to **21** are Multiple Choice type questions. Each question carries **1** mark.*

*(iv)* ***Section B** – Questions number **22** to **27** are Short Answer type questions. Each question carries **3** marks. Write answer to each question in **60** to **80** words.*

*(v)* ***Section C** – Questions number **28** to **30** are Long Answer (LA) type questions. Each question carries **8** marks. Write answer to each question in **300** to **350** words.*

*(vi)* ***Section D** – Questions number **31** to **33** are Source-based questions having **three** sub-questions. Each question carries **4** marks.*

*(vii)* ***Section E** – Question number **34** is Map-based question that includes the identification and location of significant test items. This question carries **5** marks. Attach the Map with the answer-book.*

*(viii)* *There is no overall choice. However, an internal choice has been provided in Sections B, C and E of question paper. A candidate has to write answer for only **one** of the alternatives in such questions.*

*(ix)* *In addition to this, note that a separate question has been provided for Visually Impaired Candidates in lieu of questions having visual inputs, Map, etc. Such questions are to be attempted by Visually Impaired Candidates only.*

## SECTION A

**(Multiple Choice Type Questions)** ***21×1=21***

**1.** With which of the following regions did the Harappans have trade relations ?

(A) Mediterranean region

(B) Mesopotamian region

(C) Nile Valley region

(D) Eurasian region

**2.** 1976 में प्रकाशित *'माई आर्कियोलॉजिकल मिशन टू इंडिया एंड पाकिस्तान'* के लेखक निम्नलिखित में से कौन थे ?

(A) जी.एफ. डेल्स

(B) अलेक्जेंडर कनिंघम

(C) जॉन मार्शल

(D) आर.ई.एम. व्हीलर

**3.** निम्नलिखित शासकों को कालानुक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए :

I. हर्षवर्धन

II. बिम्बिसार

III. समुद्रगुप्त

IV. चन्द्रगुप्त मौर्य

**विकल्प :**

(A) I, III, IV, II (B) III, I, II, IV

(C) II, IV, III, I (D) IV, II, I, III

**4.** निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही सुमेलित है ?

| | *(विद्वान)* | | *(योगदान)* |
|---|---|---|---|
| (A) | पाणिनी | – | *अष्टाध्यायी* |
| (B) | सुश्रुत | – | *चरक संहिता* |
| (C) | भरत | – | *मृच्छकटिका* |
| (D) | चरक | – | *नाट्यशास्त्र* |

**5.** स्तंभ I का स्तंभ II से मिलान कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए :

| | ***स्तंभ I*** <br> ***(प्रारंभिक राज्य)*** | | ***स्तंभ II*** <br> ***(राजधानी)*** |
|---|---|---|---|
| a. | मगध | i. | इन्द्रप्रस्थ |
| b. | कुरु | ii. | तक्षशिला |
| c. | गांधार | iii. | राजगीर |
| d. | अवंति | iv. | उज्जयिनी |

**विकल्प :**

(A) a-i, b-ii, c-iv, d-iii (B) a-iii, b-i, c-ii, d-iv

(C) a-iv, b-iii, c-i, d-ii (D) a-ii, b-iv, c-iii, d-i

**2.** Who amongst the following was the author of '*My Archaeological Mission to India and Pakistan*' published in 1976 ?

(A) G.F. Dales

(B) Alexander Cunningham

(C) John Marshall

(D) R.E.M. Wheeler

**3.** Arrange the following rulers in chronological order and choose the correct option :

I. Harshavardhana

II. Bimbisara

III. Samudragupta

IV. Chandragupta Maurya

**Options :**

(A) I, III, IV, II    (B) III, I, II, IV

(C) II, IV, III, I    (D) IV, II, I, III

**4.** Which of the following pairs is correctly matched ?

| | ***(Scholar)*** | ***(Contribution)*** |
|---|---|---|
| (A) | Panini | *Ashtadhyayi* |
| (B) | Sushruta | *Charak Samhita* |
| (C) | Bharata | *Mrichchhakatika* |
| (D) | Charaka | *Natyashastra* |

**5.** Match Column I with Column II and choose the correct option :

| | ***Column I (Early Kingdom)*** | | ***Column II (Capital)*** |
|---|---|---|---|
| a. | Magadha | i. | Indraprastha |
| b. | Kuru | ii. | Takshashila |
| c. | Gandhara | iii. | Rajgir |
| d. | Avanti | iv. | Ujjayini |

**Options :**

(A) a-i, b-ii, c-iv, d-iii    (B) a-iii, b-i, c-ii, d-iv

(C) a-iv, b-iii, c-i, d-ii    (D) a-ii, b-iv, c-iii, d-i

6. निम्नलिखित में से विषम की पहचान कीजिए :

(A) *विनय पिटक, सुत्त पिटक*

(B) *महावंश, दीपवंश*

(C) *अशोकावदान, वेसान्तर जातक*

(D) *उत्तराध्ययन सूत्र, आगम*

7. भोपाल की शाहजहाँ बेगम ने साँची स्तूप के संरक्षण में योगदान दिया। निम्नलिखित में से कौन-सा उनके कार्य के महत्त्व को सबसे अच्छी तरह से दर्शाता है ?

(A) उन्होंने बौद्ध धर्म को बढ़ावा देने का प्रयास किया।

(B) वह भारत की विरासत को महत्त्व देती थीं।

(C) वह राजनीतिक प्रचार चाहती थीं।

(D) वह भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण से धन लेती थीं।

8. नीचे दिए गए चित्र को देखिए और मूर्ति में दर्शाई गई आकृति की पहचान कीजिए :



(A) ध्यान मुद्रा में भगवान शिव

(B) रक्षक के रूप में भगवान विष्णु

(C) नटराज के रूप में भगवान शिव

(D) गांधार कला की यक्ष आकृति

**6.** Find the odd one out from the following :

(A) *Vinaya Pitaka, Sutta Pitaka*

(B) *Mahavamsa, Dipavamsa*

(C) *Ashokavadana, Vessantara Jataka*

(D) *Uttaradhyayana Sutra, Agama*

**7.** Shahjehan Begum of Bhopal supported the conservation of Sanchi Stupa. Which of the following best reflects the significance of her action ?

(A) She tried to promote Buddhism.

(B) She valued the heritage of India.

(C) She wanted political propagandas.

(D) She took funds from the Archaeological Survey of India.

**8.** Look at the image given below and identify the figure depicted in the sculpture :



(A) Lord Shiva in a meditative pose

(B) Lord Vishnu as the protector

(C) Lord Shiva as Nataraja

(D) A Yaksha figure from Gandhara Art

*नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्र. सं. **8** के स्थान पर है ।*

निम्नलिखित में से कौन-सा मुस्लिम समुदाय का कानून है ?


(A) हदीस

(B) इज्मा

(C) शरिया

(D) कियास

**9.** नीचे दिए गए उचित विकल्प में से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए :




**विकल्प :**

(A) राजस्थान में दादू पंथ

(B) महाराष्ट्र में नाथ पंथ

(C) उत्तर प्रदेश में रविदासिया पंथ

(D) पंजाब में उदासी पंथ

*Note : The following question is for the **Visually Impaired Candidates** only, in lieu of Q. no. **8**.*

Which of the following is the law of Muslim community ?


(A) Hadis

(B) Ijma

(C) Sharia

(D) Qiyas

**9.** Fill in the blank with the suitable option given below :




**Options :**

(A) Dadu Panth in Rajasthan

(B) Nath Panth in Maharashtra

(C) Ravidasiaya Panth in Uttar Pradesh

(D) Udasi Panth in Punjab

10. मध्यकाल के दौरान दक्षिण भारत के शासकों के संबंध में सही युग्म चुनिए :

| | *सूची I* *(वंश)* | | *सूची II* *(क्षेत्र)* |
|---|---|---|---|
| (A) | सुल्तान | – | उड़ीसा |
| (B) | चेर | – | कर्नाटक |
| (C) | होयसाल | – | केरल |
| (D) | चोल | – | तमिलनाडु |

11. निम्नलिखित जानकारी की सहायता से ब्रिटिश अधिकारी की पहचान कीजिए :

- वह एक अभियंता, सर्वेक्षक तथा मानचित्रकार था।
- 1815 में उसे भारत का पहला महासर्वेक्षक नियुक्त किया गया और 1821 में अपनी मृत्यु तक वह इसी पर बना रहा।
- वह हम्पी के भग्नावशेष को सामने लाया।

**विकल्प :**

(A) कॉलिन मैकेन्ज़ी

(B) फ्रांसिस बुकानन

(C) थॉमस हिक्की

(D) पीटर मुंडी

12. मध्यकाल के दौरान पुर्तगाल से निम्नलिखित में से कौन-से यात्री भारत आए ?

(A) जोसेफ नोएल और रॉबर्टो डी नोबिली

(B) जीन-बैप्टिस्ट टैवर्नियर और थॉमस जोन्स

(C) अफनासी निकितिन और एंटोनियो मोंसेरेट

(D) दुआर्ते बारबोसा और डोमिंगो पेस

13. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन मुगल राजस्व प्रणाली की एक विशेषता का सही वर्णन करता है ?

(A) राजस्व केवल नकद में वसूला जाता था।

(B) सभी फ़सलों के लिए कर निश्चित था।

(C) राजस्व भूमि और उत्पादों पर आधारित था।

(D) राजस्व का निर्णय गाँव के मुखिया द्वारा निर्धारित होता था।

10. Choose the correct pair regarding the rulers in the South India during the Medieval Period :

| | *List I* (*Dynasty*) | | *List II* (*Region*) |
|---|---|---|---|
| (A) | Sultans | – | Orissa |
| (B) | Cheras | – | Karnataka |
| (C) | Hoysalas | – | Kerala |
| (D) | Cholas | – | Tamil Nadu |

11. Identify the British officer with the help of the following informations :

- He was an Engineer, surveyor and cartographer.
- He was appointed as the first Surveyor General of India in 1815 and served until his death in 1821.
- The ruins at Hampi were brought to light by him.

**Options :**

(A) Colin Mackenzie
(B) Francis Buchanan
(C) Thomas Hickey
(D) Peter Mundy

12. Who amongst the following travellers came from Portugal to India during the medieval period ?

(A) Joseph Noel and Roberto de Nobili
(B) Jean-Baptiste Tavernier and Thomas Jones
(C) Afanasii Nikitin and Antonio Monserrate
(D) Duarte Barbosa and Domingo Paes

13. Which of the following statements correctly describes a feature of the Mughal revenue system ?

(A) Revenue was collected only in cash.
(B) Fixed Revenue for all the crops.
(C) Revenue was based on the land and the products.
(D) Revenue was decided by the village head.

**14.** नीचे दो कथन अभिकथन (A) और कारण (R) के रूप में अंकित किए गए हैं। इनको ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए :

*अभिकथन (A) :* मुगल प्रशासन के बारे में जानने के लिए आइन-ए-अकबरी एक मुख्य स्रोत है।

*कारण (R) :* आइन-ए-अकबरी में अकबर की मुख्य नीतियों को दर्ज किया गया है।

**विकल्प :**

(A) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(B) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** करता है।

(C) अभिकथन (A) सत्य है, परन्तु कारण (R) असत्य है।

(D) अभिकथन (A) असत्य है, परन्तु कारण (R) सत्य है।

**15.** रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

1773 में ईस्ट इंडिया कंपनी के क्रियाकलापों को विनियमित करने के लिए ब्रिटिश पार्लियामेंट द्वारा ______________ पारित किया गया।

(A) रॉलेट एक्ट

(B) पिट्स इंडिया एक्ट

(C) परिसीमन एक्ट

(D) रेग्यूलेटिंग एक्ट

**16.** इटली के एकीकरण में निम्नलिखित में से किस नेता ने निर्णायक भूमिका निभाई ?

(A) जॉर्ज वाशिंगटन

(B) ज्युसेपे गैरीबाल्डी

(C) बेनिटो मुसोलिनी

(D) ओटो वॉन बिस्मार्क

14. Two statements labelled as Assertion (A) and Reason (R) are given below. Read them carefully and choose the correct option :

*Assertion (A) :* The Ain-i-Akbari is a key source to know about Mughal administration.

*Reason (R) :* The main policies of Akbar are well recorded in the Ain-i-Akbari.

**Options :**

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of the Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of the Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

15. Choose the suitable option to fill the blank.

The ____________ was passed in 1773 by the British Parliament to regulate the activities of the East India Company.

(A) Rowlatt Act

(B) Pitt's India Act

(C) Summary Settlement Act

(D) Regulating Act

16. Who amongst the following leaders played a decisive role in the unification of Italy ?

(A) George Washington

(B) Giuseppe Garibaldi

(C) Benito Mussolini

(D) Otto von Bismarck

17. स्तंभ I का स्तंभ II से मिलान कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए :

| | *स्तंभ I* | | *स्तंभ II* |
|---|---|---|---|
| | *(नेता)* | | *(संविधान सभा में भूमिका)* |
| a. | जवाहरलाल नेहरू | i. | मुख्य प्रारूपकार |
| b. | राजेन्द्र प्रसाद | ii. | प्रारूप समिति के अध्यक्ष |
| c. | डॉ. बी.आर. अंबेडकर | iii. | राष्ट्रीय ध्वज को तिरंगा रखने का प्रस्ताव |
| d. | डॉ. एस.एन. मुखर्जी | iv. | संविधान सभा के अध्यक्ष |

**विकल्प :**

(A) a-iii, b-iv, c-i, d-ii

(B) a-i, b-iv, c-iii, d-ii

(C) a-iii, b-iv, c-ii, d-i

(D) a-i, b-ii, c-iii, d-iv

18. हंसा मेहता, निम्नलिखित में से किस निर्वाचन-क्षेत्र से संविधान सभा की सदस्य थीं ?

(A) बिहार

(B) मद्रास

(C) पंजाब

(D) बंबई

19. 1919 में निम्नलिखित में से किसने भारत में खिलाफत आंदोलन शुरू किया था ?

(A) मुहम्मद अली और शौकत अली

(B) अब्दुल गफ्फार खान और सर सैयद अहमद खान

(C) डॉ. ज़ाकिर हुसैन और हकीम अजमल खान

(D) सैयद क़ादरी और मौलाना हसरत मोहानी

**17.** Match Column I with Column II and choose the correct option :

| | ***Column I (Leader)*** | | ***Column II (Role in Constitution Assembly)*** |
|---|---|---|---|
| a. | Jawaharlal Nehru | i. | Chief draftsman |
| b. | Rajendra Prasad | ii. | A Chairman of drafting Committee |
| c. | Dr. B.R. Ambedkar | iii. | Proposed the National flag to be tricoloured |
| d. | Dr. S.N. Mukherjee | iv. | President of the Constituent Assembly |

**Options :**

(A) a-iii, b-iv, c-i, d-ii

(B) a-i, b-iv, c-iii, d-ii

(C) a-iii, b-iv, c-ii, d-i

(D) a-i, b-ii, c-iii, d-iv

**18.** Hansa Mehta, was a member of the Constituent Assembly from which of the following constituencies ?

(A) Bihar

(B) Madras

(C) Punjab

(D) Bombay

**19.** Who amongst the following started the Khilafat Movement in 1919 in India ?

(A) Muhammad Ali and Shaukat Ali

(B) Abdul Ghaffar Khan and Sir Syed Ahmed Khan

(C) Dr. Zakir Hussain and Hakim Ajmal Khan

(D) Syed Quadri and Maulana Hasrat Mohani

**20.** निम्नलिखित घटनाओं को कालानुक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए :

I. अंग्रेजों द्वारा बंगाल की दीवानी की प्राप्ति

II. संथालों की बगावत

III. बंगाल में इस्तमरारी बंदोबस्त

IV. बम्बई दक्कन में पहला राजस्व बंदोबस्त

**विकल्प :**

(A) I, III, IV, II

(B) III, I, IV, II

(C) III, IV, I, II

(D) I, III, II, IV

**21.** 'लाल-बाल-पाल' ने स्वदेशी राष्ट्रवाद की अपील का विस्तार किया और अपने संघर्ष को अखिल भारतीय चरित्र दिया। इनका चरण था :

(A) 1885 से 1905 तक

(B) 1905 से 1907 तक

(C) 1907 से 1916 तक

(D) 1916 से 1920 तक

## खण्ड ख

**(लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न)** ***6×3=18***

**22.** "ऐसा माना जाता है कि 1800 ई.पू. तक अधिकांश विकसित हड़प्पा स्थलों को त्याग दिया गया और इसके साथ ही गुजरात, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश की नई बस्तियों में आबादी बढ़ी।" इस कथन की व्याख्या कीजिए। *3*

**23.** (क) अशोक द्वारा घोषित 'धम्म' की अवधारणा की परख कीजिए। *3*

**अथवा**

(ख) "छठी से चौथी शताब्दी ई.पू. में मगध सबसे शक्तिशाली महाजनपद बन गया।" इस कथन की परख कीजिए। *3*

**20.** Arrange the following events in chronological order and choose the correct option :

I. Acquisition of the Diwani of Bengal by British

II. Santhals Rebellion

III. Permanent settlement in Bengal

IV. First revenue settlement in Bombay Deccan

**Options :**

(A) I, III, IV, II

(B) III, I, IV, II

(C) III, IV, I, II

(D) I, III, II, IV

**21.** 'Lal-Bal-Pal' broadened the appeal of Swadeshi nationalism and gave an all-India character to their struggle. Their phase was :

(A) From 1885 to 1905

(B) From 1905 to 1907

(C) From 1907 to 1916

(D) From 1916 to 1920

## SECTION B

**(Short-Answer Type Questions)** *6×3=18*

**22.** "It is believed that by 1800 BCE, most of the mature Harappan sites were abandoned and simultaneously the people moved to new settlements in Gujarat, Haryana and western Uttar Pradesh." Explain the statement. *3*

**23.** (a) Examine the concept of 'Dhamma' as proclaimed by Ashoka. *3*

**OR**

(b) "Magadha became the most powerful mahajanapada between the $6^{th}$ and the $4^{th}$ century BCE." Examine the statement. *3*

24. भारत में मध्यकाल के दौरान सूफियों और राज्य के बीच संबंध का वर्णन कीजिए। *3*

25. (क) विजयनगर साम्राज्य में अमर-नायक प्रणाली की भूमिका की परख कीजिए। *3*

**अथवा**

(ख) विजयनगर के राजाओं को शहर के लिए स्थान चुनने की प्रेरणा कैसे मिली, परख कीजिए। *3*

26. अमेरिकी गृहयुद्ध के दौरान बम्बई दक्कन में कपास की उत्पादकता क्यों बढ़ी ? स्पष्ट कीजिए। *3*

27. संविधान सभा के भीतर चलने वाली चर्चाएँ जनता से किस प्रकार प्रभावित थीं ? स्पष्ट कीजिए। *3*

## खण्ड ग

**(दीर्घ-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न)** ***3×8=24***

28. (क) आरंभिक समाजों में जाति के ढाँचे के भीतर और परे सामाजिक अंतरों का वर्णन कीजिए। *8*

**अथवा**

(ख) आरंभिक समाजों में पितृसत्ता व्यवस्था के आदर्शों और विवाह के नियमों का वर्णन कीजिए। *8*

29. (क) इब्न बतूता ने चौदहवीं शताब्दी के दौरान भारतीय शहरी केंद्रों और संचार प्रणाली का वर्णन किस प्रकार किया ? उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए। *8*

**अथवा**

(ख) बर्नियर ने मुगल भारत के दौरान भारतीय समाज और भूमि स्वामित्व के प्रश्न का वर्णन किस प्रकार किया ? उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए। *8*

30. (क) उन कारणों की परख कीजिए, जिन्होंने ताल्लुकदारों को 1857 के विद्रोह में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया। *8*

**अथवा**

(ख) 1857 के विद्रोह के कारणों और घटनाओं की परख कीजिए। *4+4=8*

**24.** Describe the relationship between the Sufis and the state during Medieval Period in India. *3*

**25.** (a) Examine the role of Amara-Nayaka system of the Vijayanagara Empire. *3*

**OR**

(b) Examine what inspired the Vijayanagara kings to choose the site of the city. *3*

**26.** Why was cotton production expanded in Bombay Deccan during the American Civil War ? Explain. *3*

**27.** How were the discussions within the Constituent Assembly influenced by the public ? Explain. *3*

## SECTION C

**(Long-Answer Type Questions)** *3×8=24*

**28.** (a) Describe the social differences within and beyond the framework of caste in early societies. *8*

**OR**

(b) Describe the ideal of patriliny and the rules of marriage in early societies. *8*

**29.** (a) How did Ibn Battuta describe the Indian urban centres and the system of communication during the fourteenth century ? Explain with examples. *8*

**OR**

(b) How did Bernier describe the Indian society and the question of land ownership during Mughal India ? Explain with examples. *8*

**30.** (a) Examine the causes that prompted the taluqdars to join the Revolt of 1857. *8*

**OR**

(b) Examine the causes and events of the Revolt of 1857. *4+4=8*

## खण्ड घ

## (स्रोत-आधारित प्रश्न) *3×4=12*

**31.** दिए गए स्रोत को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *1+1+2=4*

**स्तूप क्यों बनाए जाते थे ?**

यह उद्धरण *महापरिनिब्बान सुत्त* से लिया गया है जो *सुत्त पिटक* का हिस्सा है :

परिनिर्वाण से पूर्व आनंद ने पूछा :

भगवान हम तथागत (बुद्ध का दूसरा नाम) के अवशेषों का क्या करेंगे ?

बुद्ध ने कहा, "तथागत के अवशेषों को विशेष आदर देकर खुद को मत रोको। धर्मोत्साही बनो, अपनी भलाई के लिए प्रयास करो।"

लेकिन विशेष आग्रह करने पर बुद्ध बोले :

"उन्हें तथागत के लिए चार महापथों के चौक पर *थूप* (स्तूप का पालि रूप) बनाना चाहिए। जो भी वहाँ धूप या माला चढ़ाएगा.... या वहाँ सिर नवाएगा, या वहाँ पर हृदय में शांति लाएगा, उन सबके लिए यह चिर काल तक सुख और आनंद का कारण बनेगा।"

(31.1) आनंद ने बुद्ध के अवशेषों के बारे में क्यों पूछा ? *1*

(31.2) बुद्ध ने स्वयं को तथागत क्यों कहा ? *1*

(31.3) बौद्ध धर्म भारत के बाहर कई अन्य देशों में कैसे फैला ? स्पष्ट कीजिए। *2*

**32.** दिए गए स्रोत को ध्यानपूर्वक पढ़िए और इसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *1+1+2=4*

**किसान बस्तियों का बसना-उजड़ना**

यह हिंदुस्तानी कृषि समाज की एक ख़ासियत थी और इस ख़ासियत ने मुग़ल शासक बाबर की तेज निगाहों को इतना चौंकाया कि उसने इसे अपने संस्मरण *बाबरनामा* में नोट किया :

हिंदुस्तान में बस्तियाँ और गाँव, दरअसल शहर के शहर, एक लमहे में ही वीरान भी हो जाते हैं और बस भी जाते हैं। वर्षों से आबाद किसी बड़े शहर के बाशिंदे उसे छोड़कर चले जाते हैं, तो वे ये काम कुछ इस तरह करते हैं कि डेढ़ दिनों के अंदर उनका हर नामोनिशान (वहाँ से) मिट जाता है। दूसरी ओर, अगर वे किसी जगह पर बसना चाहते हैं, तो उन्हें पानी के रास्ते खोदने की जरूरत नहीं होती क्योंकि उनकी सारी फसलें बारिश के पानी में उगती हैं और चूँकि हिंदुस्तान की आबादी बेशुमार है, लोग उमड़ते चले आते हैं। वे एक सरोवर या कुआँ बना लेते हैं; उन्हें घर बनाने या दीवार खड़ी करने की भी जरूरत नहीं होती ... खस की घास बहुतायात में पाई जाती है, जंगल अपार हैं, झोपड़ियाँ बनाई जाती हैं और यकायक एक गाँव या शहर खड़ा हो जाता है।

## SECTION D

**(Source-Based Questions)** *3×4=12*

**31.** Read the given source carefully and answer the questions that follow : *1+1+2=4*

**Why were Stupas built ?**

This is an excerpt from the *Mahaparinibbana Sutta*, part of the *Sutta Pitaka* :

As the Buddha lay dying, Ananda asked him :

"What are we to do Lord, with the remains of the Tathagata (another name for the Buddha) ?"

The Buddha replied : "Hinder not yourselves Ananda by honouring the remains of the Tathagata. Be zealous, be intent on your own good."

But when pressed further, the Buddha said :

"At the four crossroads they should erect a *thupa* (Pali for stupa) to the Tathagata. And whosoever shall there place garlands or perfume ... or make a salutation there, or become in its presence calm of heart, that shall long be to them for a profit and joy."

(31.1) Why did Ananda ask about the Buddha's remains ? *1*

(31.2) Why did Buddha refer to himself as the Tathagata ? *1*

(31.3) How did Buddhism spread to many other countries outside India ? Explain. *2*

**32.** Read the given source carefully and answer the questions that follow : *1+1+2=4*

**Peasants on the move**

This was a feature of agrarian society which struck a keen observer like Babur, the first Mughal emperor; forcefully enough for him to write about it in the *Babur Nama*, his memoirs :

In Hindustan hamlets and villages, towns indeed, are depopulated and set up in a moment! If the people of a large town, one inhabited for years even, flee from it, they do it in such a way that not a sign or trace of them remains in a day and a half. On the other hand, if they fix their eyes on a place to settle, they need not dig water courses because their crops are all rain-grown, and as the population of Hindustan is unlimited it swarms in. They make a tank or a well; they need not build houses or set up walls ... khas-grass abounds, wood is unlimited, huts are made, and straightaway there is a village or a town!

(32.1) भारतीय कृषि समाज को बाबर ने अद्वितीय क्यों माना ? *1*

(32.2) बाबर ने नई बस्तियों की स्थापना का वर्णन कैसे किया ? *1*

(32.3) ग्रामीण लोग अपने आवास कैसे बनाते थे ? *2*

**33.** दिए गए स्रोत को ध्यानपूर्वक पढ़िए और इसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *1+1+2=4*

**चरखा**

महात्मा गाँधी आधुनिक युग, जिसमें मशीनों ने मानव को गुलाम बनाकर श्रम को हटा दिया था, के घोर आलोचक थे। उन्होंने चरखा को एक ऐसे, मानव समाज के प्रतीक रूप में देखा, जिसमें मशीनों और प्रौद्योगिकी को बहुत महिमामंडित नहीं किया जाएगा। इससे भी अधिक चरखा गरीबों को पूरक आमदनी प्रदान कर सकता था तथा उन्हें स्वावलम्बी बना सकता था।

मेरी आपत्ति मशीन के प्रति सनक से है। यह सनक श्रम बचाने वाली मशीनरी के लिए है। ये तब तक 'श्रम बचाते' रहेंगे जब तक कि हजारों लोग बिना काम के और भूख से मरने के लिए सड़कों पर न फेंक दिए जाएँ। मैं मानव समुदाय के किसी एक हिस्से के लिए नहीं बल्कि सभी के लिए समय और श्रम बचाना चाहता हूँ : मैं धन का केंद्रीकरण कुछ ही लोगों के हाथों में नहीं बल्कि सभी के हाथों में करना चाहता हूँ।

*यंग इंडिया, 13 नवंबर 1924*

खद्दर मशीनरी को नष्ट नहीं करना चाहता बल्कि यह इसके प्रयोग को नियमित करता है और इसके विकास को नियंत्रित करता है। यह मशीनरी का प्रयोग सर्वाधिक ग़रीब लोगों के लिए उनकी अपनी झोपड़ियों में करता है। पहिया अपने आप में ही मशीनरी का एक उत्कृष्ट नमूना है।

*यंग इंडिया, 17 मार्च 1927*

(33.1) गाँधीजी ने चरखे के उपयोग को क्यों बढ़ावा दिया ? *1*

(33.2) चरखा आत्मनिर्भरता का प्रतीक कैसे था ? *1*

(33.3) चरखे पर कताई करने से ग्रामीण लोगों को मदद कैसे मिली ? *2*

(32.1) Why was the Indian agrarian society seen as unique by Babur ? *1*

(32.2) How did Babur describe the setting up of new settlements ? *1*

(32.3) How did rural folk build their dwellings ? *2*

**33.** Read the given source carefully and answer the questions that follow : *1+1+2=4*

**Charkha**

Mahatma Gandhi was profoundly critical of the modern age in which machines enslaved humans and displaced labour. He saw the charkha as a symbol of a human society that would not glorify machines and technology. The spinning wheel, moreover, could provide the poor with supplementary income and make them self-reliant.

What I object to, is the craze for machinery as such. The craze is for what they call labour-saving machinery. Men go on 'saving labour', till thousands are without work and thrown on the open streets to die of starvation. I want to save time and labour, not for a fraction of mankind, but for all, I want the concentration of wealth, not in the hands of few, but in the hands of all.

*Young India, 13 November, 1924*

Khaddar does not seek to destroy all machinery but it does regulate its use and check its weedy growth. It uses machinery for the service of the poorest in their own cottages. The wheel is itself an exquisite piece of machinery.

*Young India, 17 March, 1927*

(33.1) Why did Gandhiji promote the use of the charkha ? *1*

(33.2) How did the charkha symbolize self-reliance ? *1*

(33.3) How did spinning on the charkha help rural people ? *2*

## खण्ड ङ

**(मानचित्र-आधारित प्रश्न)** *3+2=5*

**34.** (34.1) **भारत** के दिए गए राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ **27** पर) में, निम्नलिखित स्थानों को उपयुक्त चिह्नों से अंकित कीजिए और उनके नाम लिखिए : *3×1=3*

(i) कालीबंगन – एक विकसित हड़प्पा पुरास्थल

(ii) वाराणसी – आरंभिक राज्यों का एक महत्त्वपूर्ण शहर

(iii) (क) आमेर – अकबर के शासन के अधीन एक क्षेत्र

**अथवा**

(iii) (ख) चन्द्रगिरी – एक मध्यकालीन शहर

(34.2) **भारत** के इसी राजनीतिक रेखा-मानचित्र पर, 1857 के विद्रोह की अवधि के दौरान अंग्रेजों के अधीन संबंधित स्थानों को 'A' और 'B' दो स्थानों के रूप में अंकित किया गया है। इनको पहचानिए और उनके सही नाम उनके निकट खींची गई रेखाओं पर लिखिए। *2*

***नोट :*** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्र. सं. **34** के स्थान पर हैं :*

(34.1) विकसित हड़प्पा के किसी एक पुरास्थल का नाम लिखिए। *1*

(34.2) आरंभिक राज्यों के किसी एक महत्त्वपूर्ण शहर का उल्लेख कीजिए। *1*

(34.3) (क) उस क्षेत्र का नाम लिखिए जो अकबर के शासन के अधीन था। *1*

**अथवा**

(34.3) (ख) विजयनगर साम्राज्य की राजधानी का नाम लिखिए। *1*

(34.4) किन्हीं दो शहरों का उल्लेख कीजिए जो 1857 के विद्रोह की अवधि के दौरान अंग्रेजों के अधीन थे। *2*

## SECTION E

**(Map-Based Questions)** *3+2=5*

**34.** (34.1) On the given political outline map of **India** (on page **27**), locate and label the following places with appropriate signs or symbols : *3×1=3*

(i) Kalibangan – A mature Harappan site

(ii) Varanasi – An important town of early states

(iii) (a) Amber – An area under the rule of Akbar

**OR**

(iii) (b) Chandragiri – A medieval town

(34.2) On the same political outline map of **India**, two places have been marked as 'A' and 'B', as the places under British control during the period of the Revolt 1857. Identify them and write their correct names on the lines drawn near them. *2*

***Note :*** *The following questions are for the* ***Visually Impaired Candidates*** *only, in lieu of Q. No.* ***34*** *:*

(34.1) Name any one mature Harappan site. *1*


(34.2) Mention any one important town of early states. *1*

(34.3) (a) Name an area which was under the rule of Akbar. *1*

**OR**

(34.3) (b) Name the capital of Vijayanagara Empire. *1*

(34.4) Mention any two cities which were under the control of British during the period of the Revolt of 1857. *2*


भारत का रेखा-मानचित्र (राजनीतिक)
Outline Map of India (Political)
A
B